भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2951

10 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

यूनिट-रन कैंटीन

2951. श्रीमती दिया कुमारीः

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में यूनिट-रन रक्षा कैंटीनों की स्थान-वार संख्या कितनी है;

(ख) किसी विशिष्ट क्षेत्र में एक नई कैंटीन की स्थापना हेतु क्या मानदंड निर्धारित किए गए हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार राजस्थान के राजसमन्द जिले में एक नई कैंटीन की स्थापना करने का है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) पूरे देश में 3700 से अधिक यूनिट-रन कैंटीन (यू आर सी) हैं। यू आर सी का स्थान नहीं बताया जा सकता क्योंकि इससे यूनिटों के प्रचालन स्थानों और संवेदनशील संस्थानों के बारे में पता चल जाएगा।

(ख) न्यूनतम 100 कार्मिकों की नियुक्ति संख्या या न्यूनतम 5000 भूतपूर्व सैनिकों की निर्भरता और वित्तीय एवं प्रशासनिक व्यवहार्यता।

(ग) और (घ) जी, नहीं।

****